तथ्य पत्रक

# इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन

## इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन क्या होता है?

इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन, पेपर स्क्रिप्ट का डिजिटल संस्करण है। ये कागजी प्रिस्क्रिप्शन के सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प होते हैं। जब आप अपने डॉक्टर के पास जाते/ती हैं, तो अगली बार प्रिस्क्रिप्शन की आवश्यकता होने पर आप इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन लेना चुन सकते/ती हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन के क्या लाभ हैं?

- कागजी प्रिस्क्रिप्शन साथ ले जाने की कोई आवश्यकता नहीं होती है और इससे स्क्रिप्ट के खो जाने का खतरा भी कम हो जाता है।
- जहाँ भी आपके पास इंटरनेट की सुविधा होती है, वहाँ आप अपने मोबाइल डिवाइस पर अपने इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन तक पहुंच प्राप्त कर सकते/ती हैं।
- यदि आप अक्सर यात्रा करते/ती हैं, तो इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन आपके लिए अधिक सुविधाजनक विकल्प है। यदि आप अपनी फार्मेसी नहीं जा सकते/ती हैं, तो इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन के माध्यम से अपनी दवाओं का ऑर्डर देना अधिक आसान और तेज़ तरीका है।
- यदि आप टेलीहेल्थ परामर्श ले रहे/ही हैं, तो आप तुरंत अपना प्रिस्क्रिप्शन प्राप्त कर सकते/ती हैं।

## मैं इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

आपका डॉक्टर आपके मोबाइल फोन पर एसएमएस या ईमेल भेजेगा। इसमें 'टोकन' कहे जाने वाले एक विशिष्ट QR बारकोड का लिंक होगा, जिसमें आपके प्रिस्क्रिप्शन की जानकारी होती है। आपको प्रिस्क्राइब की गई प्रत्येक दवा के लिए अलग-अलग टोकन प्राप्त होगा। अपने डॉक्टर से परामर्श समाप्त करने से पहले यह देख लें कि आपको अपना टोकन प्राप्त हो गया है।

## मैं इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन का उपयोग कैसे कर सकता/ती हूँ?

अपने डॉक्टर से प्राप्त हुए मैसेज को खोलें। इसके बाद, मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करें। आपका इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन टोकन स्क्रीन पर दिखाई देगा।

अपनी पसंद की फार्मेसी पर जाएँ और अपना टोकन प्रस्तुत करें। वे टोकन को स्कैन करेंगे और आपको दवा देंगे। यदि आपके प्रिस्क्रिप्शन पर रिपीट लिखा है, तो आपकी फार्मेसी आपको आपके अगले रिपीट के लिए नया टोकन भेजेगी।

आप समय की बचत के लिए अपना टोकन सीधे फ़ार्मेसी को भेज सकते/ती हैं, ताकि इसे कलेक्ट करने के लिए तैयार रखा जा सके या आपके घर पर डिलीवर किया जा सके (यदि यह सेवा उपलब्ध है, तो)

## क्या मेरे बजाय कोई और मेरी दवा कलेक्ट कर सकता है?

हाँ, आप अपना टोकन किसी विश्वसनीय मित्र/पारिवारिक सदस्य/देखभालकर्ता को भेज सकते/ती हैं और वे आपकी ओर से आपकी दवा कलेक्ट कर सकते हैं।

## यदि मेरा इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन गलती से मुझसे खो जाये या डिलीट हो जाये, तो क्या होगा?

यदि आपके इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन टोकन वाली एसएमएस या ईमेल गलती से खो जाती है या डिलीट हो जाती है, तो आप इसे पुनः भेजने के लिए कह सकते/ती हैं। मूल प्रिस्क्रिप्शनों के लिए प्रिस्क्राइब करने वाले डॉक्टर से संपर्क करें। रिपीट के लिए उस फ़ार्मेसी से संपर्क करें, जिसने रिपीट जारी किया था।

## एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट (सक्रिय स्क्रिप्ट सूची) क्या होती है?

एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट आपके इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शनों की एक डिजिटल सूची है। यदि आप एक से अधिक दवाएँ लेते/ती हैं, तो यह एक सुविधाजनक विकल्प हो सकता है।

## एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट के क्या लाभ हैं?

- इससे आपको एक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन टोकनों का ध्यान रखने की आवश्यकता नहीं होती है।
- पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में अधिकांश फार्मेसियों के पास अब एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट की पहुँच प्राप्त है, और वे आपके द्वारा सहमति दिए जाने पर आपको दवाइयाँ दे सकते हैं।
- एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट आपके डॉक्टर और फार्मासिस्ट को आपकी दवाओं को अधिक आसानी से प्रबंधित करने में मदद करती है।
- यदि आपकी फार्मेसी होम डिलीवरी प्रदान करती है, तो आपको अपनी दवाएँ लेने के लिए अपने घर से जाने की आवश्यकता नहीं है।

## मैं एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपनी लिस्ट सेट अप करने के लिए एक मोबाइल फ़ोन और 100 अंकों के पहचान दस्तावेजों के साथ अपनी फ़ार्मेसी पर जाएँ 100 points of identification (PDF, 83.08 KB).
- आपके पंजीकृत होने के बाद, आपको प्राप्त होने वाला कोई भी इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन स्वत: आपकी एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट में जुड़ जाएगा। यदि आप चाहें, तो अपने डॉक्टर से बात करके कुछ दवाओं को न जोड़े जाने का विकल्प भी चुन सकते/ती हैं।
- यदि आप चाहें, तो आपको टोकन के लिंक के साथ एसएमएस या ईमेल भी प्राप्त हो सकता है।

जब आप अपनी फार्मेसी में जाएँ, तो उन्हें आपकी एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट को एक्सेस करने और आपकी दवा वितरित करने के लिए कहें।

## अतिरिक्त संसाधन

### इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन वेबपेज: https://www.digitalhealth.gov.au/electronic-prescriptions

### इलेक्ट्रॉनिक प्रिस्क्रिप्शन और एक्टिव स्क्रिप्ट लिस्ट ऑनलाइन प्रशिक्षण:
https://training.digitalhealth.gov.au/mod/page/view.php?id=961

### ऑस्ट्रेलियाई डिजिटल स्वास्थ्य एजेंसी संपर्क फ़ॉर्म: www.digitalhealth.gov.au/contact-us

### अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा
131 450
www.tisnational.gov.au/Help-using-TIS-National-services/Contact-TIS-National

### राष्ट्रीय रिले सेवा
1300 555 727
www.accesshub.gov.au